# अग्रवाल महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 16 मार्च 2021 को एक दिवसीय कार्यशाला प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल निर्देशन में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर श्री श्लेक चंद, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण नई दिल्ली उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि देश में राज्य एवं केंद्रीय सरकार अनेक प्रकार की छात्रवृत्ति प्रदान करती रही है जिसका उद्देश्य छात्रों को आर्थिक सहयोग देना रहा है। अन्य वक्ता के रूप में मैडम योग्यता स्टैटिकल अधिकारी, जिला कल्याण फरीदाबाद उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय एवं राज्य की छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जागरूक करना रहा । कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं अतिथि वक्ता का धन्यवाद ज्ञापन डॉ रामचंद्र ने किया। इस कार्यशाला में 104 विद्यार्थियों ने भाग लिया।